मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 08 नवम्बर 2019

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	09/11/19	10/11/19	11/11/19	12/11/19	13/11/19
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	32	31	31	31	32
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	18	19	18	18	19
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	2	3
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	70	72	71	77	79
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	22	25	24	28	29
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	12	10	9	9	10
हवा की दिशा	उत्तर–उत्तर–पूर्व	उत्तर–उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
जीरा	बुवाई	जीरे की बुवाई के लिए उपयुक्त समय है। बुवाई हेतु आर.जेड–19, आर. जेड–209, जी.जी–4 व आर.जेड–223 उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 12–15 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश उर्वरको की मात्रा बुवाई के समय 15, 20 व 15 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर होनी चाहिएं। बुवाई से पूर्व बीज को 2 ग्राम कार्बेण्डेजिम या 4 ग्राम टाईकोडरमा विरिडी से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
गेहूं	बुवाई	गेहूं की बुवाई करें। राज–4120, जी.डब्ल्यु–11, एच.डी–2967, के.आर. एल–210, के.आर.एल–13, राज–4238, राज–3077, राज–3777, राज–4037, राज–1482 व डब्ल्यू.एच–147 गेहूं की उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 100 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश उर्वरको की मात्रा 60, 40 व 20 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर होनी चाहिएं। दीमक के नियंत्रण के लिए खेत में 4 लीटर क्लोरपायरीफास 20 ई.सी पलेवा के समय दें।
ईसबगोल	बुवाई	ईसबगोल आर.आई–1, आर.आई–89 व जी.आई–2 उन्नत किस्मों की बुवाई करे। है। बुवाई हेतु 4–5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर के लिए प्रयाप्त है।

(नौडल ऑफीसर)